लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

**लोक सभा अध्यक्ष ने नोवेल कोरोना वायरस (कोविड 19) को फैलने से रोकने के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया**

**नई दिल्ली 17 मार्च 2020:** लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज नोवेल कोरोना वायरस (कोविड 19) को संसद भवन परिसर और आस-पास के क्षेत्रों में फैलने से रोकने के लिए किए जा रहे उपायों का जायजा लेने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना और अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक के दौरान, श्री बिरला को बताया गया कि नोवेल कोरोना वायरस (कोविड 19) का पता लगाने, इससे बचने और इसकी रोकथाम करने को सुनिश्चित करने में शामिल विभिन्न एजेंसियों ने ठोस कदम उठाए हैं। उन्हें यह सूचित किया गया कि ऐसे समय में यह आवश्यक है कि लोग घबराएं नहीं और स्वच्छता और साफ-सफाई से जुड़े आसान तरीकों को अपनाएं।

श्री बिरला को अधिकारियों द्वारा यह भी सूचित किया गया कि लोगों के बीच दूरी बनाएं रखने के लिए पर्याप्त उपाय किए गए हैं – संसद भवन परिसर में जरूरी कार्यों के लिए ही आगंतुकों को आने दिया जा रहा है और सभी प्रवेश द्वारों पर थर्मल स्कैनिंग की मशीनों द्वारा जाँच की जा रही है।

इसके अतिरिक्त, हैंड सैनीटाइजर्स, नैपकिन्स और साबुन की पर्याप्त व्यवस्था सहित संसद भवन और इसके आस-पास के क्षेत्रों में पूर्ण स्वच्छता और साफ-सफाई को सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए गए हैं।

अधिकारियों ने यह भी सूचित किया कि जागरूकता को बढ़ाने के लिए संसद सदस्यों के बीच क्या करें और क्या न करें की सूची परिचालित की जा रही है।

श्री बिरला ने कहा कि हम सभी को किसी भी परिस्थिति में घबराना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि, "डरने की कोई बात नहीं है, फिर भी हमें हर समय सतर्क रहना होगा"। श्री बिरला ने कहा कि किसी भी अनहोनी से बचने के लिए कम से कम समय में सभी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए।

इस बैठक में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के महानिदेशक, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के चेयरमेन, स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव और लोक सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

**LOK SABHA SPEAKER REVIEWS PREPARATIONS TO TACKLE SPREAD OF NOVEL CORONAVIRUS (COVID 19)**

New Delhi 17 March 2020: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla today chaired a meeting with senior officials of Ministry of Health and Family Welfare, NDMC, CPWD, CGHS and other agencies in order to review the measures taken to tackle the spread of Novel Coronavirus (COVID 19) in the Parliament House Estate and surrounding areas.

During the meeting, Shri Birla was informed that the various agencies involved have taken robust steps to ensure detection, prevention and containment of Novel Coronavirus (COVID 19). He was informed that during this time it is imperative for people to not panic and follow simple steps related to sanitation and cleanliness.

Shri Birla was further informed by the officials that adequate measures have been taken to ensure social distancing - all non essential visits to the Parliament House Estate have been curtailed, and thermal scanning at all points of entry have also been initiated.

Additionally, all measures have been taken to ensure complete cleanliness in and around Parliament House, including adequate arrangements of hand sanitizers, napkins and soap.

The officials also informed that lists of dos and don'ts are being circulated to all Members of Parliament in order to spread awareness.

Shri Birla said that panic must be avoided at all costs. He added that, "There is no cause for fear, however we must be vigilant at all times." Shri Birla said that all necessary steps must be taken in the least possible time in order to prevent any untoward event.

Director General CPWD, Chairman NDMC, Director General, Health Services, Secretary Ministry of Housing and Urban Affairs and senior officials of Lok Sabha Secretariat attended the meeting